प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

20.04.2026/प्रादेशिक समाचार/15:00बजे

जगत सिंह

राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि सोलन में बहुचर्चित चैस्टर हिल हाउसिंग प्रोजैक्ट में प्रारंभिक जांच के दौरान एक सौ 50 बीघा भूमि में अनियमितताएं सामने आई हैं। उन्होंने आज शिमला में बताया कि एक स्थानीय कृषक के नाम पर करीब 2 सौ 75 बीघा भूमि खरीदी गई जो उनकी आय से मेल नहीं खाती है। नेगी ने बताया कि ये एक गंभीर मामला है और विभागीय स्तर पर जांच चल रही है। उन्होंने कहा कि इस मामले में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। राजस्व मंत्री ने बताया कि रेरा ने भी चैस्टर हिल–2 और चैस्टर हिल–4 परियोजना पर 35–35 लाख रूपये का अंतरिम जुर्माना लगाया है।

जगत सिंह नेगी ने कहा कि मुख्यमंत्री, मंत्रियों, विधायकों और अधिकारियों के वेतन में 6 महीने के लिए कटौती की गई है, ताकि प्रदेश में विकास कार्य बिना किसी बाधा के चलते रहे।

....

राष्ट्रपति दौरा

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के शिमला दौरे को लेकर उपायुक्त अनुपम कश्यप ने आज शिमला में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर सभी तैयारियां तय समय में पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति 27 अप्रैल को शिमला पहुंचेंगी और छराबड़ा स्थित अपने आधिकारिक निवास द–रिट्रीट में रूकेंगी। राष्ट्रपति का 2 मई तक प्रदेश में रूकने का कार्यक्रम है। इस दौरान वे राज्य के अन्य ज़िलों का दौरा भी करेंगी। बैठक में उपायुक्त ने कल्याणी हैलीपैड के अलावा अनाडेल हैलीपैड को भी लैंडिंग के लिए तैयार रखने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग से कहा कि हवाई अड्डे से छराबड़ा तक सड़क को दुरूस्त किया जाए। अनुपम कश्यप ने जलशक्ति विभाग व नगर निगम शिमला और अग्निशमन विभाग को भी सभी आवश्यक तैयारियां जल्द पूरा करने को कहा।

....

तकनीकी विश्वविद्यालय

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर के माध्यम से विद्यार्थियों को नवाचार, शोध कौशल और विविध सह–शैक्षणिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय को वित्त वर्ष 2026–27 के लिए 76 करोड़ रूपये से अधिक का बजट पारित किया गया है। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि ये बजट विद्यार्थियों के शैक्षणिक सशक्तिकरण के साथ उनके सर्वांगीण विकास का गति प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा। विश्वविद्यालय के कुलपति व तकनीकी शिक्षा विभाग के सचिव अभिषेक जैन की अध्यक्षता में आयोजित वित्त समिति की बैठक में इस बजट को स्वीकृति दी गई, जिसे विश्वविद्यालय के शासी मंडल द्वारा भी अनुमोदित किया गया।

....

किरेन रिजिजू महिला विधेयक

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि महिला आरक्षण विधेयक को बाधित करने के परिणाम विपक्ष को भुगतने होंगे। नई दिल्ली में आज संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने पूछा कि विधेयक की विफलता के लिए जिम्मेदार लोगों को दंडित किया जाना चाहिए या नहीं। किरेन रिजिजू ने कहा कि केंद्र सरकार इस मामले में प्रयास जारी रखेगी।

....

विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि राज्य सरकार सड़कों की दशा सुधारने के लिए ठोस कदम उठा रही है और अनेक सड़क मार्गों को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत लाया गया है। उन्होंने सोलन में बताया कि सोलन–सुबाथू सड़क मार्ग की खस्ता हालत को जल्द सुधारा जाएगा और इसके लिए समुचित बजट का प्रावधान किया जाएगा।

....

शिमला ग्रीष्मोत्सव

शिमला ग्रीष्मोत्सव पहली से 5 जून तक ऐतिहासिक रिज मैदान पर आयोजित किया जाएगा। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने बताया कि सांस्कृतिक संध्याओं में कई जाने–माने कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। उन्होंने शिमला ग्रीष्मोत्सव के आयोजन को लेकर लोगों से अगले 10 दिन के भीतर आयोजन समिति को अपने सुझाव देने को कहा है।

....